Q. Booklet Code **A**

SET - I

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 18)

## Second Language - HINDI

CLASS : VIII (Max , Marks : 80) Time : 2.45 Hrs.

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

Name of the student : .................................................................. Roll No : ..........

*सूचनाएँ* :- : 1. प्रश्न पत्र पुस्तिका के रूप में दिया जायेगा।

2. सब प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर OMR पत्र में नीले/काले कलम से सूचित करना चाहिए।

4. प्रश्न का सही उत्तर पहचानकर OMR पत्र में प्रश्न संख्या के सामने दिये गये चार गोलों में से सही गोले को कलम से पूर्ण रूप से भरदेना चाहिए।उदाहरणः प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अगर 3 है तो इस प्रकार भरना है। 1. ① ② ● ④

5. गोले में ×, √ जैसे चिह्नों से भरने पर जवाब पत्र का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

6. एक ही प्रश्न के लिए एक से अधिक गोलों को भरने से या OMR पत्र में काँट-छाँट करनेपर मूल्यांकन नहीं कियाजायेगा।

7. निर्धारित समय में सभी प्रश्नों के जवाब भरकर OMR पत्र निरीक्षक (Invigilator) को देना चाहिए।

अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया

निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए।(प्रश्नः 1 - 5)

तेनालीराम हंपी पहुँचे। उन्हें राजदरबार में पेश किया गया। राजा ने उन्हें एक कविता सुनाने को कहा। तेनाली ने एक सुंदर कविता सुनायी। राजा को उनकी कविता पसंद आयी। ईनाम माँगने को कहा। उन्होंने कहा, ''महाराज, क्षमा करें। मेरा आप से केवल एक निवेदन है।'' राजा - ''कहो, क्या निवेदन है।''

1. हंपी कौन पहुँचे?
   1) श्रीकृष्णदेवराय
   2) तेनालीराम
   3) राजा
   4) ज्ञानी

2. तेनालीराम को कहाँ पेश किया गया?
   1) तेनाली में
   2) घर में
   3) दरबार में
   4) हंपी में

3. कविता किसे पसंद आयी?
   1) श्रीकृष्णदेवराय को
   2) मंत्रियों को
   3) दरबारियों को
   4) प्रजा को

4. 'कविता' शब्द का बहुवचन शब्द पहचानिए।
   1) कविता
   2) कविताएँ
   3) कविताओं
   4) कवितें

5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
   1) राजा बदल गया
   2) धरती की आँखें
   3) दिल्ली से पत्र
   4) चावल के दाने

निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए।
(प्रश्नः 6 - 10)

भारत देश में हर साल पाँच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाते हैं। हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वेपल्लि राधाकृष्णन् पेशे से एक शिक्षक थे। उनके सम्मान में उनके जन्मदिन को शिक्षकों के नाम किया गया। शिक्षक का अर्थ गुरू है। गुरू-अंधकार को दूर करनेवाला 'गु'का अर्थ होता है। 'अंधकार', और 'रू' का अर्थ है 'हरनेवाला'। शिक्षक देश की संस्कृति के माली होते है। वे ही किसी देश के वास्तविक निर्माता होते है।

6. भारत देश में शिक्षक दिवस कब मनाते हैं?
   1) 14 नवंबर
   2) 2 अक्तूबर
   3) 5 सितंबर
   4) 26 जनवरी

7. राष्ट्रपति बनने से पहले डॉ. राधाकृष्णन का पेशा यह था?
   1) अध्यापक
   2) वकील
   3) डॉक्टर
   4) इंजीनियर

8. गुरु का अर्थ यह है -
   1) अंधकार में रखनेवाला
   2) अंधकार में छिपानेवाला
   3) अंधकार को हरनेवाला
   4) अंधकार को बढ़ानेवाला

9. शिक्षक किसके माली होते हैं?
   1) सभ्यता के
   2) संस्कार के
   3) कुरीति के
   4) संस्कृति के

10. 'अंधकार' शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।
   1) प्रकाश
   2) तम
   3) प्रताप
   4) अंधियारा

निम्न लिखित कवितांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए।(प्रश्नः 11 - 15)

अगर न होते पेड़ भला फिर
हरियाली फैलाता कौन
अगर न होते फूल बताओ
खिल-खिल कर मुस्काता कौन
अगर न होते बादल नभ में
इंद्रधनुष रच पाता कौन?

11. हरियाली फैलाने वाला कौन है?
   1) फूल
   2) पेड़
   3) पर्वत
   4) सूरज

12. इंद्रधनुष कहाँ दीख पड़ता है?
   1) धरती
   2) गगन
   3) पर्वत
   4) नदी

13. फूल कैसे मुस्काता है?
   1) झिल-मिल कर
   2) थम-थम कर
   3) खिल-खिल कर
   4) रिम-झिम कर

14. 'नभ' शब्द का अर्थ क्या है?
   1) आकाश
   2) बादल
   3) धरती
   4) नक्षत्र

15. यह कवितांश किस पाठ से लिया गया है?
   1) कौन
   2) हम होंगे कामयाब
   3) त्यौहारों का देश
   4) प्यारा गाँव

निम्न लिखित कविता पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए।(प्रश्नः 16 - 20)

स्वच्छ रहेंगे - स्वस्थ रहेंगे
बापूजी का है कहना
इधर-उधर कूडे-कचरे को
कभी न डालें बच्चों
रोज सफ़ाई करना सीखें
कल पर न टालें बच्चों

16. स्वच्छ रहने से हम कैसे रहेंगे?
 1) अस्वस्थ
 2) स्वस्थ
 3) आलसी
 4) अनुश्क्त

17. स्वच्छता पर पहले किसने जोर दिया था?
 1) नेहरु जी
 2) पटेल जी
 3) प्रसाद जी
 4) गाँधी जी

18. हमें क्या सीखना चाहिए?
 1) रोज सफाई करना
 2) रोज खाना खाना
 3) रोज सिनेमा देखना
 4) रोज कूड़ा डालना

19. कल पर टालनेवाले ये हैं —?
 1) परिश्रमी
 2) आलसी
 3) अच्छे
 4) बच्चे

20. 'स्वस्थ' शब्द का विलोम शब्द क्या है?
 1) अस्वस्थ
 2) सुस्वस्थ
 3) कुस्वस्थ
 4) स्वस्थ

अभिव्यक्ति-सृजनात्मकताः
दिये गये प्रश्नों को ध्यान से पढिये। सूचना के अनुसार उत्तर पहचानिए।
(प्रश्नः21 - 60)

21. गिरिजाकुमार माथुर की कविता की पंक्तियाँ पहचानिए।
1) हम चलेंगे साथ-साथ डाल हाथों में हाथ
2) अगर न होती निर्मल नदियाँ
3) मन-भावन सावन आते ही
4) खिल-खिल कर मुसकाता कौन

22. A. भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहेब फाल्के, हैं।
B. सिनेमा का केंद्र बिंदु निर्देशक हैं - इन कथनों को पढिए। सही उत्तर पहचानिये।
1) A और B दोनों सही हैं।
2) A और B दोनों गलत हैं।
3) A सही है और B गलत हैं।
4) A गलत है और B सही हैं।

23. ईद के त्यौहार में भाईचारे का संदेश होता है?
इस भाव से संबंधित कविता का वाक्य पहचानिए।
1) खेल खिलौने पाते बच्चे
2) दीपावली पर दीप-दान फुलझडियाँ खील बताशे
3) भाईचारे का संदेश ले ईद मुबारक आती।
4) त्योहारों का देश हमारा हम को इस से प्यार


24. सनी अपने मित्रों के साथ दिल्ली गया। वहाँ उस ने एक ऊँचा मीनार देखा - उस का निर्माण किस ने करवाया?
1) राजा जयसिंह
2) कुली कुतुबशाह
3) कुतुबुद्दीन ऐबक
4) शाहजहाँ

25. अगर न होती निर्मल नदियाँ ——
कविता पाठ के आधार पर अगला वाक्य पहचानिए।
1) हम को दिशा दिखाता कौन
2) जग की प्यास बुझाता कौन
3) खिल-खिल कर मुसकाता कौन
4) ये सब प्रश्न उठाता कौन

26. समाज में अनेक प्रकार के घरेलू उद्योग हैं। बढई हल और खिड़की बनाता है।
सुनार ये चीजें बनाता है।
1) दराती और फावड़ा
2) झूले और टोकरी
3) अंगूठी और हार
4) हँडी और बरतन

27. 'हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन' इस पंक्ति का भाव पहचानिए।
   1) हम में पूरा विश्वास है।
   2) हम सब मिलकर साथ चलेंगे।
   3) हम एक दिन अवश्य सफल होंगे।
   4) हम एक दिन अवश्य सफल नहीं होंगे।

28. इस इमारत का नाम क्या है?




   1) जामा मसजिद
   2) कुतुबमीनार
   3) जंतर-मंतर
   4) लाल किला

29. इसका निर्माण किसने करवाया?
   1) शाहजहाँ
   2) अकबर
   3) बीरबल
   4) हुमयून

30. इस इमारत पर किन-किन संदर्भों में तिरंगा झंडा फहराते हैं?
   1) राष्ट्रीय पर्व
   2) धार्मिक पर्व
   3) शिक्षक दिवस
   4) हिंदी दिवस

31. A. मन में विश्वास नहीं है।
   B. हम जरूर कामयाब होंगे।
   इन कथनों को पढिये। सही उत्तर पहचानिये।
   1) A सही है B गलत है
   2) A और B दोनों गलत हैं।
   3) A और B दोनों सही हैं।
   4) A गलत है B सही हैं।

32. इसे ध्यान से देखिए, सिनेमा के निर्माण में इन के अलावा और किन की सहायता लेते हैं।




   1) वैद्य, निर्देशक
   2) कथाकार, वकील
   3) निर्देशक, कथाकार
   4) प्रोफेसर, अध्यापक

33. फूल खिल-खिल कर मुस्काता हैं। इस भाव से संबंधित कविता का वाक्य पहचानिए।

1) अगर न होते बादल नभ में इंद्रधनुष रच पाता कौन
2) अगर न होते हम तो बोलो ये सब प्रश्न उठाता कौन
3) अगर न होते फूल बताओ खिल-खिल कर मुसकाता कौन
4) अगर न होते फूल बताओ हरियाली फैलाता कौन

34. "धरती की आँखें" पाठ के आधार पर जोड़ी बनाइए।

| | |
|---|---|
| 1) A समुद्र | 1. सपने |
| 2) B राजा | 2. धरती की चक्कर काटती आँखे |
| 3) C. कृत्रिम उपग्रह | 3. सपने पूरा करने में सहायक |
| 4) D. दरबार के बुद्धिमान | 4. नाव |

1) A-4, C-2, D-3
2) A-3, C-Z, D-4
3) A-2, C-3, D-4
4) A-4, C-3, D-2.

35. 'हम होंगे कामयाब कविता के कवि गिरिजा कुमार माथुर हैं। इस के मूल कविता के कवि कौन है?

1) शेकस्पियर
2) हेनरी
3) मिल्टन
4) चार्ल्स अल्वर्ट टिंडली

36. "लीजिए महाराज आप इसे रख लीजिए"
इस संवाद से राजेश ने राजा को क्या समझकर सिक्का देना चाहा?

1) अमीर
2) गरीब
3) याचक
4) ईमानदार

37. "सूरज का रथ" कविता के कवि द्वारा श्री बाल स्वरुप राही हैं। उनकी कविता की पंक्तियाँ पहचानिए।

1) अगर न होते सिनेमा देखो बच्चों को चित्र दिखाता कौन
2) अगर न होते हम तो बोलो ये सब प्रश्न उठाता कौन
3) आता हर वर्ष दशहरा होते खेल तमाशे
4) होंगे कामयाब, होंगे कामयाब

38. पाठ के आधार पर निम्नलिखित पंक्तियों का सही क्रम पहचानिए।

A. श्रीकृष्णदेवराय तेनालीराम से बहुत खुश हुए।

B. ईनाम माँगने को कहा

C. तेनालीराम हंपी पहुँचे

D. राज दरबार में सभी हैरान थे

1) C,A,B,D

2) C,B,A,D

3) D,B,C,A

4) C,B,D,A

चित्र ध्यान से देखिए। प्रश्नों के उत्तर पहचानिए। (प्रश्नः 39 - 41)



39. यह चित्र किस त्यौहार से संबंधित है? पहचानिए।

1) दशहरा

2) दीवाली

3) रक्षा-बंधन

4) ईद

40. यह त्यौहार किस महीने में आता है?

1) सावन का महीना

2) जेठ का महीना

3) आषाढ़ का महीना

4) भादो का महीना

41. चित्र में बहन भाई से क्या कहती होगी?

1) भैया चलो बाजार चलें

2) भैया लो मैं बाँधूगी राखी।

3) भैया आओ दोनों खेलेंगे।

4) भैया चलो सिनेमा देखेंगे।

42. "राजा बदल गया"कहानी पाठ है-मैं सिनेमा हूँ" किस विधा का पाठ है?
   1) आत्मकथा
   2) उपन्यास
   3) एकांकी
   4) पत्र-लेखन

43. राजेश को सोने का सिक्का मिला। वह उसे अपने पास रखना नहीं चाहता - राजेश कैसा बालक है?
   1) बलवान
   2) बेईमान
   3) होशियार
   4) ईमानदार

44. 'कौन' कविता पाठ के आधार पर जोड़ी बनाइए।

| | |
|---|---|
| A. चाँद | 1. झरना बहाता |
| B. नदी | 2. हरियाली फैलाना |
| C. पर्वत | 3. प्यास बुझाती |
| D. पेड़ | 4. दिशा दिखाता |

   1) A-3, B-4, C-1, D-2
   2) A-4, B-3, C-1, D-2
   3) A-4, B-2, C-1, D-3
   4) A-1, B-2, C-3, D-4.

45. कहानीकार एक अच्छी कहानी लिखता है। इस कहानी को कौन खरीदता है और सिनेमा बनाता है।
   1) नायक
   2) निर्माता
   3) निर्देशक
   4) सहायक निर्देशक

46. 'बाल साहित्य' पुरस्कार प्राप्त कवि कौन है? - पहचानिए
   1) गिरिजा कुमार माथुर
   2) बालस्वरूप राही
   3) चार्लस अलबर्ट टिंडली
   4) सुमित्रानंदन पंत

47. कृत्रिम उपग्रह मानव प्रगति के सूचक हैं।
निम्न विकल्पों में से कृत्रिम उपग्रहों से किसका संबंध नहीं है। - पहचानिए
1) टेलिविजन का प्रसारण
2) मौसम का पूर्व जानकारी
3) अंतरिक्ष की जानकारी
4) बिजली का उत्पादन

48. "अगर न होते हम तो बोलो ये सब प्रश्न उठाता कौन"? कवि इन पंक्तियों के माध्यम से बच्चों में कौन सी भावना जगाना चाहते हैं?
1) खेलने की इच्छा
2) जानने की इच्छा
3) पढ़ने की इच्छा
4) खाने की इच्छा

49. छोटी-छोटी चीजें भी महत्वपूर्ण होती हैं। एक महान विजय हासिल करने केलिए पहले कदम उठाना आवश्यक है।
ये बातें किस ने किस से कहीं।

| | |
|---|---|
| 1) मंत्री ने | श्रीकृष्णदेवराय से |
| 2) श्रीकृष्णदेवराय ने | तेनालीराम से |
| 3) सभासदों ने | श्रीकृष्णदेवराय से |
| 4) तेनालीराम ने | श्रीकृष्णदेवराय से |

50. निम्न लिखित कविता की पंक्तियों का सही क्रम पहचानिए।
A. फुलझडियाँ खील बताशे
B. आता हर वर्ष दशहरा
C. होत खेल तमाशे
D. दीपावली पर दीप-दान
1) B,C,D,A
2) C,D,B,A
3) D,A,B,C
4) B,D,A,C

51. पारिवारिक पत्र में संबोधन कहाँ होता है?
1) पत्र के आरंभ में
2) पत्र के अंत में
3) पत्र के मध्य में
4) पत्र के समापन में

52. प्रेषक शब्द किसे सूचित करता है?
1) पत्र लिखने वाले को
2) पत्र पाने वाले को
3) पत्र पहुँचाने वाले को
4) पत्र बेचने वाले को

53. छुट्टी पत्र लिखते समय अध्यापक का संबोधन कैसे करते हैं?
1) प्यारे
2) प्रिय
3) महोदय
4) प्रिय अध्यापक


वर्ग पहेली देखकर निम्न लिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (प्रश्नः 54 - 55)

| | | |
|---|---|---|
| ब | क | नी |
| न | हा | ना |
| सु | नी | ता |

54. बच्चे इसे सुनना पसंद करते हैं।
1) बहाता
2) कहानी
3) सुहानी
4) सुनीता

55. हर दिन क्या करना आवश्यक है?
1) नहाना
2) बहाता
3) कहानी
4) सुनीता

निम्न लिखित विज्ञापन पढ़कर, नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए। (प्रश्न: 56 - 58)



स्वस्थ और मजबूत दाँतों केलिए

इस्तेमाल करे - डाबर लाल आयुर्वेदिक पेस्ट, दँत समस्याओं को दूर रखें, दाँतों के दर्द को मिटाएँ, मसूडों को स्वस्थ रखे।

मूल्य : 50 रुपये।

56. यह विज्ञापन किससे संबंधित है?
   1) पेस्ट
   2) क्रीम
   3) पाउडर
   4) लोशन

57. इस का मूल्य कितना है?
   1) पचास रूपए
   2) साठ रूपए
   3) अस्सी रूपए
   4) पचहत्तर रूपए

58. दँत मंजन का उपयोग करने पर क्या होगा?
   1) दाँतों में दर्द होगा
   2) मसूडों में परेशानी होगी।
   3) दाँत और मसूडे स्वस्थ रहेंगे।
   4) दाँतों की समस्याओं को बढ़ायेगा?

निम्न लिखित निबंध के अंश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए। (प्रश्न: 59 - 60)

सिनेमा, रेडियो, दूरदर्शन आदि मनोरंजन के साधन हैं। दूरदर्शन से एक ओर मनोरंजन होता है तो दूसरी ओर ज्ञान और विज्ञान का बोध भी होता है, यह मनोरंजन कार्यक्रमों का खजाना है। लेकिन इसे ज्यादा देखने से हानियाँ होती हैं। विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुकावटें डालती हैं। नेत्र-ज्योति क्षीण होने लगती है।

59. इस निबंध के अंश का शीर्षक क्या हो सकता है?
   1) दूरदर्शन से हानि लाभ
   2) दूरदर्शन हमारे साथी
   3) दूरदर्शन हमारे सहायक
   4) मनोरंजन के साधन

60. दूरदर्शन मनोरंजन कार्यक्रमों का ख़ज़ाना है। ऐसा क्यों कहते है?
   1) सभी वर्गों के लिए मन पसंद कार्यक्रम प्रसारित होते हैं।
   2) सभी वर्गों के लिए मन पसंद कार्यक्रम प्रसारित नहीं होते।
   3) समाचार प्रसारित होते हैं
   4) सिनेमा, गीत प्रसारित होते हैं।

भाषा की बात :

नीचे दिये गये प्रश्नों को ध्यान से पढिए। सूचना के अनुसार उत्तर पहचानिए।

61. तेनाली राम बहुत चतुर और ज्ञानी व्यक्ति थे। (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए)
1) समझदार
2) बेसमझ
3) नासमझ
4) असमझ

62. उपग्रह से बढ़िया जासूस भला कौन हो सकता है? (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए)
1) वकील
2) वैद्य
3) गुप्तचर
4) अभिनेता

63. दिल्ली भारत के प्रसिद्ध नगरों में से एक है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए)
1) सुप्रसिद्ध
2) अप्रसिद्ध
3) नाप्रसिद्ध
4) कुप्रसिद्ध

64. सब लोग सिनेमा की प्रशंसा करते हैं। (रेखांकित शब्द का विलाम शब्द पहचानिए)
1) स्तुति
2) प्रस्तुति
3) अनिंदा
4) निंदा

65. निम्न लिखित शब्दों में से सही वर्तनी वाला शब्द पहचानिए।
1) बुदिमान
2) बुद्धीमान
3) बूदीमान
4) बुद्धिमान

66. निम्न लिखित शब्दों में से सही वर्तनी वाला शब्द पहचानिए।
1) महत्वपूर्ण
2) महत्वपूर्न
3) महत्वपूरण
4) मेहतवपूण

67. निम्न लिखित शब्दों में से बेमेल शब्द पहचानिए।
1) क्रिसमस
2) रमजान
3) दीवाली
4) 15 अगस्त

68. निम्न लिखित शब्दों में से बेमेल शब्द पहचानिए।
1) पुस्तक
2) कलम
3) तलवार
4) पेंसिल

69. श्री बालस्वरूप राही का जन्म सन् उन्नीस सौ छत्तीस में हुआ। (रेखांकित शब्द को अंको में पहचानिए)
1) 1938
2) 1936
3) 1934
4) 1930

70. वर्ष में 365 दिन होते है। (रेखांकित संख्या को अक्षरों में पहचानिए)
1) तीन हजार पैंसठ
2) तीन पैंसठ
3) तीन सौ पैंसठ
4) तीस पैंसठ

71. गुरू की आज्ञा का पालन करना चाहिए। (स्त्रीलिंग रुपी शब्द पहचानिए)
1) गुरुनी
2) गुरु
3) गुरूवी
4) गुरुआइन

72. बच्चे कहानी सुनना पसंद करते हैं। (रेखांकित शब्द का बहुवचन रुप पहचानिए)
1) कहानियाँ
2) कहानियों
3) कहानिएँ
4) कहानों

73. दिल्ली भारत —— राजधानी है। सही कारक चिह्न पहचानिए।
1) पर
2) से
3) की
4) का

74. सनी अपने दोस्तों के साथ घूमने गया। इस वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए।

1) अपने
2) सनी
3) घूमने
4) गया

75. मैं चाँद पर बैठकर पूरे राज्य को आसानी से देख लेता। इस वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए।

1) राज्य
2) मैं
3) चाँद
4) आसानी

76. राजा बडी सेना लेकर जा रहे थे। इस वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए।

1) राजा
2) सेना
3) बडी
4) लेकर

77. गाँव में जुलाहा कपडों को बुनता है। इस वाक्य में [illegible] पहचानिए

1) गाँव
2) बुनता
3) जुलाहा
4) कपडों

78. बैलगाडी खेतों के किनारे धीरे-धीरे चलती है। इस वाक्य में क्रिया-विशेषण शब्द पहचानिए।

1) बैलगाडी
2) खेतों
3) धीरे-धीरे
4) किनारे

79. सहीक्रम वाला वाक्य पहचानिए।

1) किला है तो लाल किला लाल
2) लाल किला तों लाल किला है।
3) लाल तो लाल किला है किला।
4) है तो लाल किला, लाल किला।

80. शुद्ध वाक्य पहचानिए।

1) मैं बाजार जाता हूँ।
2) मैं बाजार जाता हो।
3) मैं बाजार जाता है।
4) मैं जाता बाजार हूँ।